**दिनांक–06.08.2024** **समय–7.10एएम**

## प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी, भोपाल

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश सरकार धान खरीदी पर भी देगी बोनस, मुख्यमंत्री ने की घोषणा।
- देवास में कल अखिल भारतीय उद्यमि सम्मेलन का आयोजन। 3 हजार से अधिक उद्यमि होंगे षामिल।
- प्रदेष में पिछले साल से 22 प्रतिषत अधिक हुई बारिष। 54 बांधो में आया पर्याप्त पानी।

**और**

- पैरिस ओलंपिक में आज नीरज चोपड़ा उतरेंगे मैदान में, हॉकी के सेमीफाइनल में जर्मनी से होगा मुकाबला।

### मुख्यमंत्री–धान बोनस

प्रदेश सरकार अब गेहूं की तरह धान खरीदी पर भी बोनस देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल बालाघाट की जैविक कृषि मंडी में आयोजित लाड़ली बहनों के लिये समर्पित आभार सह उपहार कार्यक्रम में यह घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बालाघाट के चिन्नौर चावल को जीआई टैगिंग का दर्जा प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि पशु पालकों की आर्थिक स्थिति एवं उनकी आमदनी को बेहतर बनाने के लिए बोनस दिया जाएगा। तेंदुपत्ता संग्राहकों को प्रोत्साहन देने के लिए उन्हें मिलने वाली प्रति बोरा की राशि भी बढ़ाई जायेगी। पीएम जनमन योजना में विशेष पिछड़ी जनजातियों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए लगभग 7 हजार 300 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान बजट में किया गया है। जनजातीय समुदाय की बैगा बसाहटों में 19 सड़को के निर्माण कार्य भी प्रारंभ किये जाएंगे। साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत नल–जल योजना का भी लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सिवनी में शीघ्र ही नये मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 12 मेडिकल कॉलेज पीपीपी मॉडल के अंतर्गत प्रारंभ किये जायेंगे। इसके अलावा सिवनी से बालाघाट सड़क मार्ग को फोर लेन बनाने के लिए सर्वे कार्य भी कराया जाएगा।

### उद्यमी सम्मेलन–देवास

एमएसएमई विभाग के सहयोग से लघु उद्योग भारती मध्यप्रदेश द्वारा देवास में कल अखिल भारतीय उद्यमी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का शुभारम्भ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। सम्मेलन में केन्द्र सरकार के एमएसएमई विभाग के सहयोग से महिलाओं और युवाओं पर केंद्रित तीन दिवसीय स्वयं सिद्धा इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर 2024 भी आयोजित किया गया है। आयोजन का उद्देश्य प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इस समागम में 3000 से अधिक उद्यमी भाग ले रहे है, जिसमें लगभग 300 से ज्यादा अन्य प्रदेशों के है। सम्मेलन में 100 से ज्यादा स्टॉल लगाए

जाएंगे। सम्मेलन में एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप विशेष रूप से उद्‌बोधन देंगे। इस सम्मेलन के मुख्य वक्ता सह सरकार्यवाह आर.एस.एस. डॉ. कृष्ण गोपाल होंगे।

## विश्व स्तनपान सप्ताह

विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि माँ और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए स्तपनपान अत्यंत आवश्यक है। हर वर्ष 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य स्तनपान से होने वाले बड़े लाभों को उजागर करना है, जो शिशुओं के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए लाभदायक हो सकते है। सुश्री भूरिया विश्व स्तनपान सप्ताह पर झाबुआ के जिला अस्पताल में माताओं से बात कर स्तनपान के महत्व की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य माँ और बच्चे के स्वास्थ्य के साथ–साथ शिशु कल्याण के लिए होने वाले लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष का विषय "अंतर को पाटना : सभी के लिए स्तनपान समर्थन' है।

## युवा ट्रेनिंग

राज्य सरकार पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को ट्रेनिंग दे रही है। कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल की पहल पर सोलर पैनल के स्थापना एवं रखरखाव के लिये प्रदेश के 25 शासकीय आईटीआई में 5 अगस्त से युवाओं को 7 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा सोलर रूफ टॉप क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने और आवासीय परिवारों को एक करोड़ रूफ टॉप सोलर सिस्टम स्थापित करके अपनी बिजली उत्पन्न करने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रारंभ की गई। सोलर रूफ टॉप के स्थापना एवं रख रखाव के लिए बड़े पैमाने पर कुशल कार्य बल की आवश्यकता की पूर्ति के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के द्वारा आईटीआई के लगभग एक लाख प्रशिक्षणार्थियों को सोलर रूफ टॉप टेक्नीशियन के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## बांध निगरानी–मंत्री सिलावट

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के विभिन्न लघु, मध्यम और बड़े जलाशयों की प्रतिदिन जल भराव की सतत निगरानी, जल स्तर एवं जल भराव क्षमता प्रतिदिन विभागीय बेवसाइट में दर्ज की जाए। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट द्वारा कोलार रोड भोपाल स्थित विभागीय राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का निरीक्षण करने के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान मानसून सीजन में विभागान्तर्गत निर्मित बांधों में जल भराव एवं इनसे संबंधित गेटों के ऑपरेशन से संबंधित जानकारी विभागीय अधिकारियों से ली गई। वर्तमान मानसून सीजन में अभी तक 621 एम. एम. वर्षा दर्ज की जा चुकी है जो कि गत वर्ष से 22 प्रतिशत अधिक है। पूर्वी मध्य प्रदेश में लगभग 19 प्रतिशत अधिक एवं पश्चिमी मध्यप्रदेश में लगभग 26 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है। 54 अति महत्वपूर्ण श्रेणी के बांधों की समीक्षा में पाया गया कि लगभग सभी बांध 75 प्रतिशत तक भर चुके हैं।

## मुख्यमंत्री–बाढ़ जायजा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में अतिवृष्टि से उत्पन्न हालातों का जायजा लेने के लिये कल जबलपुर से सिवनी होते हुए बालाघाट तक सड़क मार्ग से भ्रमण किया। उन्होंने वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों और पशुओं के लिये पर्याप्त सुरक्षात्मक बंदोबस्त करने के निर्देश प्रशासनिक अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों और आम नागरिकों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि दी जायेगी। मुख्यमंत्री का सड़क मार्ग से यात्रा के दौरान गाँव–गाँव में सभी वर्गों के लोगों के साथ जन–प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मार्ग में आमजन से चर्चा की और संबोधित भी किया। मुख्यमंत्री ने कुर्रई महाविद्यालय के नवीन भवन निर्माण और नगरीय क्षेत्र बरघाट में डिवाइडर युक्त मॉडल रोड निर्मित किये जाने की सौगात जनता को दी।

## वायु सेना– तरंग शक्ति युद्धाभ्यास

भारत आज से तमिलनाडु के सुलार में अपने पहले बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास, 'तरंग शक्ति 2024' की मेजबानी करेगा। इस युद्धाभ्यास में करीब 30 देश भाग लेंगे, जिनमें से दस देश अपने लड़ाकू विमानों के साथ शामिल होंगे।

नई दिल्ली में वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ, एयर मार्शल ए.पी. सिंह ने बताया कि अभ्यास का पहला चरण आज से 14 अगस्त तक तमिलनाडु के सुलार में और दूसरा चरण 29 अगस्त से 14 सितम्बर तक राजस्थान के जोधपुर में आयोजित होगा। इस अभ्यास में भारत अपने स्वदेशी लड़ाकू विमानों और उपकरणों का प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि भारत के तेजस, राफेल, मिराज 2000, जगुआर, मिग 29 और अन्य लड़ाकू विमान इस अभ्यास में शामिल होंगे।

## पेरिस ओलिंपिक कार्यक्रम

पेरिस ओलिंपिक 2024 में आज भारतीय खिलाड़ी हॉकी, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस और कुश्ती की स्पर्धाओं में भाग लेंगे।

पुरूषो की भाला फेंक प्रतियोगिता में पूर्व चैंपियन नीरज चोपड़ा आज अपने विजय अभियान की शुरूआत करेंगे। भारत के लिए स्वर्ण पदक की सबसे बड़ी उम्मीद नीरज चोपड़ा से ही है। आज दोपहर में वे क्वालिफिकेशन दौर में षामिल होंगे। एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता किशोर कुमार जेना भी भाला फेंक की उसी प्रतियोगिता के फाइनल में जगह पक्की करने का प्रयास करेंगे।

हॉकी में आज भारतीय पुरूष टीम का सामना सेमीफाइनल में जर्मनी से होगा। सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर शुरू होने वाले इस मैच को जीतकर भारत फाइनल में पहुंच जाएगा।

भारत की किरण पाहल महिलाओं की चार सौ मीटर दौड़ के में रीपीचेज राउंड में भाग लेंगी। दो बार ओलिंपिक में भाग ले चुकी भारतीय पहलवान विनेश फोगाट का आज कुश्ती में महिलाओं के 50 किलोग्राम वर्ग के प्रीक्वार्टर फाइनल में जापान की सुसाकी यूई से सामना होगा।

**समाचार संक्षेप में .....**

- पन्ना में राम पथ गवन मार्ग में बने सिद्धनाथ पहुंच मार्ग और पुलिया  पहली बारिश में क्षतिग्रस्त होने के मामले पर क्षेत्रीय सांसद विष्णु शर्मा ने पन्ना कलेक्टर को पत्र लिख कर जांच के निर्देश दिए है।

- कटनी  कलेक्टर  की अध्यक्षता में  केन्द्रीय योजना अंतर्गत गठित कृषक उत्पादक संगठनों एफपीओ के संवर्धन हेतु महत्वाकांक्षी योजना के संबंध मे जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार आयोजित की गई।

- डिंडौरी कलेक्टर ने कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा बैठक में विभागवार योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में बाढ़ की समीक्षा करते हुए सीएमओ को निर्देशित किया, जर्जर भवनों को चिन्हित कर खाली करवाएँ।

..................................